सं-35018/28/2022

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

सीआरएस सेल, कमरा संख्या - 116, ए विंग, शास्त्री भवन , नई दिल्ली

दिनांक- 06 मार्च, 2025

एडवायजरी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2025 का प्रस्तावित प्रमुख कार्यक्रम 'योगसंगम' या योग संगम है, जो आईडीवाई का एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में 10,000 स्थानों पर सभी जिलों में एक साथ मनाया जाएगा।

आपसे अनुरोध है कि आप इस आयोजन से संबंधित सूचना अपने सामुदायिक रेडियो के माध्यम से प्रसारित करें। योग से संबंधित सामग्री को प्राइम-टाइम पर विशेष रूप से 20 जून (अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 से एक दिन पहले) को प्रसारित किया जाए। साथ ही, योग विशेषज्ञों और कार्मिकों को, योग को बढ़ावा देने वाली स्कीमों और उनको शुरू करने पर चर्चा करने के लिए रेडियो शो और पॉडकास्ट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। आयुष मंत्रालय की योग के प्रचार और विकास के संबंधी विभिन्न स्कीमें नीचे दी गई हैं:

(i) सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी): मंत्रालय द्वारा सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) नामक एक केंद्रीय क्षेत्र स्कीम तैयार की गई है, जिसके तहत योग के बारे में लोगों की जागरुकता बढ़ाने के लिए कार्यकलाप शामिल हैं। आईईसी के कार्यकलापों में सार्वजनिक आयोजन, सम्मेलन, प्रदर्शनी, शिविर और टीवी, रेडियो, प्रिंट-मीडिया आदि पर कार्यक्रम शामिल हैं।

(ii) आयुर्स्वास्थ्य योजना: मंत्रालय आयुर्स्वास्थ्य योजना नामक एक केंद्रीय क्षेत्र स्कीम को कार्यान्वित कर रहा है। आयुर्स्वास्थ्य योजना के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) घटक के तहत, वैयक्तिक संगठनों/संस्थानों को उनके कार्यों और सुविधाओं की स्थापना और उन्नयन और/या योग सहित आयुष की सभी स्ट्रीम्स में अनुसंधान संबंधी कार्यकलापों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

((iii) आयुर्ज्ञान योजना: इस केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम के तहत आयुष में अनुसंधान एवं नवाचार का एक घटक है। इस घटक के अंतर्गत योग सहित आयुष की सभी स्ट्रीम्स में अनुसंधान संबंधी कार्यकलापों के लिए निधि उपलब्ध कराई जाती हैं।

File No. N-35018/28/2022-O/o AD(CRS) (Computer No. 165410)
Generated from eOffice by Sonali Acharya, ASO(SA)-O/o AD (CRS), ASO, MIB on 06/03/2025 05:20 pm

(iv) राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम): आयुष मंत्रालय योग सहित आयुष प्रणाली के प्रचार और विकास के लिए देश में राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्र प्रायोजित स्कीम को कार्यान्वित कर रहा है। एनएएम के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को उनके राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में प्रस्तावित विभिन्न कार्यकलापों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

दुनिया भर में योग के प्रति उत्साही लोगों को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने योग ब्रेक (वाई-ब्रेक) मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया है। यह ऐप कार्यस्थल पर लोगों को तंदुरुस्त और स्वस्थ रखने के लिए बनाया गया है, ताकि उनकी कार्यकुशलता बढ़ाई जा सके।

आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त रूप से वर्ष 2019 में एम-योग नामक एक परियोजना शुरू की। इसमें वर्ष 2030 तक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के तहत 'स्वस्थ रहें, गतिशील रहें' (बीएचबीएम) की अवधारणा पर विचार किया गया है। इसके तहत भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा एम-योग मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया।

(राजेश कुमार शर्मा)
(अपर निदेशक)
crscell-moib@nic.in

सेवा में,

सभी सामुदायिक रेडियो स्टेशन।

File No. N-35018/28/2022-O/o AD(CRS) (Computer No. 165410)
Generated from eOffice by Sonali Acharya, ASO(SA)-O/o AD (CRS), ASO, MIB on 06/03/2025 05:20 pm